सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४ -२५

कक्षा:-तीसरी **विषय:हिंदी** **पाठ: १० (हम सब गुणी हैं)**

कठिन शब्द

१. दुकानदार

२. कोमल

३. इतरा

४. कड़वाहट

५. सेवन

६. मरीज़

७.विटामिन

८. शौक

९.चटपटी

१०. बखान

११. तारीफ़

१२• तीखी

१३. घमंड

१४. महत्व

१५. भविष्य

लघूत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -१ सब्जियाँ क्या कहकर उछल - कूद कर रही थीं ?

उत्तर - सब्जियाँ " मुझे ले लो, मुझे ले लो" कहकर उछल -कूद कर रही थी।

प्रश्न -२ भिंडी ने करेले के बारे में क्या कहा ?

उत्तर - भिंडी ने करेले से कहा कि तुम इतना क्यों इतरा रहे हो, तुम में तो कड़वाहट है।

प्रश्न -३ आदमी ने दुकानदार से क्या कहा ?

उत्तर - आदमी ने दुकानदार से कहा कि वह कहीं ओर से सब्ज़ी ले लेगा क्योंकि तुम्हारी सब्जियाँ तो बहुत लड़ती हैं।

प्रश्न -४ पालक में क्या - क्या गुण पाए जाते हैं ?

उत्तर - पालक में लोहा तथा अन्य विटामिन पाए जाते हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -१ मटर ने अपनी क्या - क्या विशेषताएँ बताईं ?

उत्तर - मटर ने कहा कि मेरा प्रयोग तुम सबसे ज्यादा होता है। जैसे - आलू - मटर, मटर - पनीर ,मटर समोसे और मटर चावल आदि।

प्रश्न - २ प्याज़ के तीन प्रयोग बताइए ?

उत्तर - प्याज़ का प्रयोग सलाद में किया जाता है। गरमी में लू से बचाता है और सब्ज़ियों में इस्तेमाल किया जाता है।

प्रश्न - ३ मिर्ची ने क्या कहकर अपनी तारीफ़ की ?

उत्तर - मिर्ची ने यह कहकर अपनी तारीफ़ की कि उसके बिना सब्ज़ी और अन्य खाने की चीज़ें चटपटी नहीं बनती।

प्रश्न -४ आलू ने अंत में सब्ज़ियों को क्या समझाया ?

उत्तर - आलू ने अंत में सब्ज़ियों को समझाया कि हर किसी का अपना - अपना महत्व होता है, हमें किसी को भी अपने से छोटा नहीं समझना चाहिए।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करें -

१ कोमल - नाज़ुक

वाक्य - फूल की पंखुड़ियों बहुत कोमल होती है।

२. प्रयोग - इस्तेमाल

वाक्य - सभी को मोबाइल का प्रयोग सोच - समझ कर करना चाहिए।

३. शौक - चाव

वाक्य - बच्चे फास्ट - फूड बड़े शौक से खाते हैं।

४. तीखी - बहुत तेज़

वाक्य - कुछ हरी मिर्च बहुत तीखी होती हैं।